# पाठ -2 लाख की चूड़ियाँ

## सार-आधारित प्रश्न (Extract Based Questions)

**1.**सारे गाँव में बदलू मुझे सबसे अच्छा आदमी लगता था क्योंकि वह मुझे सुंदर-सुंदर लाख की गोलियाँ बनाकर देता था। मुझे अपने मामा के गाँव जाने का सबसे बड़ा चाव यही था कि जब मैं वहाँ से लौटता था तो मेरे पास ढेर सारी गोलियाँ होतीं, रंग-बिरंगी गोलियाँ जो किसी भी बच्चे का मन मोह लें।
प्रश्न **1.** उपर्युक्त गद्यांश के पाठ का नाम और लेखक का नाम लिखिए।
(क) गद्यांश के पाठ का नाम- बस की यात्रा , लेखक का नाम- हरिशंकर परसाई।
(ख) गद्यांश के पाठ का नाम- ध्वनि, लेखक- सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'।
(ग) गद्यांश के पाठ का नाम- भगवान के डाकिए, लेखक- रामधारी सिंह दिनकर।
(घ) गद्यांश के पाठ का नाम- लाख की चूड़ियाँ, लेखक- कामतानाथ ।

प्रश्न **2.** बदलू किसे अच्छा लगता था**?**
(क) गाँव के लोगों को
(ख) जमींदारों को
(ग) लेखक को
(घ) बच्चों को

प्रश्न **3.** बदलू किसे सुंदर-सुंदर लाख की गोलियाँ बनाकर देता था**?**
(क) बच्चों को
(ख) बेटो को
(ग) गाँव वालो को
(घ) लेखक को

**2.** वैसे तो मेरे मामा के गाँव का होने के कारण मुझे बदलू को 'बदलू मामा' कहना चाहिए था परंतु मैं उसे 'बदलू मामा' न कहकर 'बदलू काका' कहा करता था जैसा कि गाँव के सभी बच्चे उसे कहा करते थे। बदलू का मकान कुछ ऊँचे पर बना था। मकान के सामने बड़ा-सा सहन था जिसमें एक पुराना नीम का वृक्ष लगा था। उसी के नीचे बैठकर बदलू अपना काम किया करता था। बगल में भट्टी दहकती रहती जिसमें वह लाख पिघलाया करता। सामने एक लकड़ी की चौखट पड़ी रहती जिस पर लाख के मुलायम होने पर वह उसे सलाख के समान पतला करके चूड़ी का आकार देता। पास में चार-छह विभिन्न आकार की बेलननुमा मुँगेरियाँ रखी रहतीं जो आगे से कुछ पतली और पीछे से मोटी होतीं। लाख की चूड़ी का आकार देकर वह उन्हें मुँगेरियों पर चढ़ाकर गोल अैर चिकना बनाता अैर तब एक-एक कर पूरे हाथ की चूड़ियाँ बना चुकने के पश्चात् वह उन पर रंग करता।
प्रश्न **1.** लेखक बदलू को 'बदलू काका' क्यों कहता था**?**
(क) क्योंकि गांव के सारे बच्चे बदलू को 'बदलू काका' ही कहते थे।
(ख) क्योंकि वह लेखक का चाचा था।
(ग) क्योंकि वह गाँव वालों को अच्छा लगता था।
(घ) क्योंकि वह बदलू काका नाम सुनकर खुश होता था ।

प्रश्न **2.** बदलू कहाँ बैठकर अपना काम करता था**?**
(क) जामुन के वृक्ष के नीचे
(ख) खेतों में
(ग) गाँव के चौराहे पर
(घ) नीम के वृक्ष के नीचे

प्रश्न **3.** बदलू दहकती भट्टी में क्या पिघलाया करता था**?**
(क) लोहा को
(ख) सोना को
(ग) लाख को
(घ) कोयले को

प्रश्न **4.** बदलू चूड़ियों को आकार देने के लिए किसका प्रयोग करता था**?**
(क) बेलन का
(ख) ग्लास का
(ग) मोम का
(घ) बेलननुमा मुँगेरियाँ का

**3.** बदलू यह कार्य सदा ही एक मचिये पर बैठकर किया करता था जो बहुत ही पुरानी थी। बगल में ही उसका हुक्का रखा रहता जिसे वह बीच-बीच में पीता रहता। गाँव में मेरा दोपहर का समय अधिकतर बदलू के पास बीतता। वह मुझे 'लला' कहा करता और मेरे पहुँचते ही मेरे लिए तुरंत एक मचिया मँगा देता। मैं घंटों बैठे-बैठे उसे इस प्रकार चूड़ियाँ बनाते देखता रहता। लगभग रोज ही वह चार-छह जोड़े चूड़ियाँ बनाता। पूरा जोड़ा बना लेने पर वह उसे बेलन पर चढ़ाकर कुछ क्षण चुपचाप देखता रहता मानो वह बेलन न होकर किसी नव-वधू की कलाई हो।
प्रश्न **1.** बदलू मचिये पर बैठकर क्या करता था**?**
(क) पानी पीता था
(ख) हुक्का पीता रहता था
(ग) जूते बनाता रहता था
(घ) चूड़ियाँ बनाता रहता।

प्रश्न **2.** बदलू किसे लला कहकर बोलता था **?**
(क) लोगों को
(ख) बेटो को
(ग) लेखक को
(घ) बच्चों को

प्रश्न **3.** बदलू लेखक को बैठने के लिए क्या देता था **?**
(क) कुर्सी
(ख) मचिया
(ग) खाट
(घ) बेंच

प्रश्न **4.** बदलू रोज कितनी चूड़ियाँ बनाता था **?**
(क) पांच-छह जोड़े
(ख) चार जोड़े
(ग) चार-छह जोड़े
(घ) चार-तीन जोड़े

**4.** बदलू मनिहार था। चूड़ियाँ बनाना उसका पैतृक पेशा था और वास्तव में वह बहुत ही सुंदर चूड़ियाँ बनाता था। उसकी बनाई हुई चूड़ियों की खपत भी बहुत थी। उस गाँव में तो सभी स्त्रियाँ उसकी बनाई हुई चूड़ियाँ पहनती ही थी आस-पास के गाँवों के लोग भी उससे चूड़ियाँ ले जाते थे। परंतु वह कभी भी चूड़ियों को पैसों से बेचता न था। उसका अभी तक वस्तु-विनिमय का तरीका था और लोग अनाज के बदले उससे चूड़ियाँ ले जाते थे। बदलू स्वभाव से बहुत सीधा था। मैंने कभी भी उसे किसी से झगड़ते नहीं देखा। हाँ, शादी-विवाह के अवसरों पर वह अवश्य जिद्द पकड़ जाता था। जीवन भर चाहे कोई उससे मुफ्त चूड़ियाँ ले जाए परंतु विवाह के अवसर पर वह सारी कसर निकाल लेता था। आखिर सुहाग के जोड़े का महत्त्व ही और होता है।
प्रश्न **1.** बदलू क्या था**?**
(क) मनिहार
(ख) लोहार
(ग) किसान
(घ) सुनार

प्रश्न **2.** बदलू का पैतृक पेशा क्या था **?**
(क) खेती करना
(ख) कांच की चूड़ियाँ बनाना
(ग) लाख की चूड़ियाँ बनाना

(घ) सब्जी बेचना

**प्रश्न 3.** बदलू चूड़ियाँ कैसे बेचता था?
(क) अनाज लेकर
(ख) पैसे लेकर
(ग) सब्जियां लेकर
(घ) वस्तु लेकर

**प्रश्न 4.** बदलू का स्वभाव कैसा था?
(क) सीधा
(ख) रुखा
(ग) चंचल
(घ) मुडी

## बहुविकल्पीय प्रश्न (Multiple Choice Questions)

**प्रश्न 1.** 'लाख की चूड़ियाँ' पाठ के लेखक कौन है ?
(क) कामतानाथ
(ख) महादेवी वर्मा
(ग) निधि अग्रवाल
(घ) चंद्रकांत त्रिपाठी 'निराला'

**प्रश्न 2.** लाख की चूड़ियाँ कौन बनाता था?
(क) लेखक का मामा
(ख) लेखक
(ग) बदलू
(घ) डबलू

**प्रश्न 3.** बदलू कैसी चूड़ियाँ बनाता था?
(क) चाँदी की
(ख) लोहे की
(ग) लाख की
(घ) काँच की

**प्रश्न 4.** 'वस्तु-विनिमय' का क्या अर्थ है-
(क) वस्तु के बदले वस्तु
(ख) वस्तु के बदले पैसे
(ग) पैसे के बदले वस्तु
(घ) समान

**प्रश्न 5.** बदलू क्या था?
(क) लोहार
(ख) सुनार
(ग) मनिहार
(घ) बढ़ई

**प्रश्न 6.** चूड़ियाँ बनाना किसका पैतृक पेशा था?
(क) बदलू का
(ख) लेखक का
(ग) गांव वालों का

(घ) इनमें से कोई नही

प्रश्न **7.** बदलू के घर के सामने किसका पेड़ था**?**
(क) आम का
(ख) केला का
(ग) नीम का
(घ) पीपल का

प्रश्न **8.** बदलू प्रतिदिन कितनी चूड़ियाँ बना लिया करता था**?**
(क) तीन-चार जोड़े
(ख) तीन-पांच जोड़े
(ग) चार-छह जोड़े
(घ) छह-सात जोड़े

प्रश्न **9.** बेलन पर चढ़ी चूड़ियाँ बदलू को कैसी लगती थी**?**
(क) नई जैसी
(ख) नारी की कलाइयों जैसी
(ग) बहुत सुंदर
(घ) नववधू की कलाई पर सजी जैसी

प्रश्न **10.** पिता की बदली होने का लेखक पर क्या प्रभाव पड़ा**?**
(क) वह उदास हो गया
(ख) वह मामा के घर न जा सका
(ग) नए मित्र मिले
(घ) पुराने मित्रों से दूर हो गया

प्रश्न **11.** 'बेलननुमा मुँगेरियाँ ' शब्द का क्या अर्थ है**?**
(क) गोल लकड़ी
(ख) पतली लकड़ी
(ग) सुंदर लकड़ी
(घ) छोटी लकड़ी

प्रश्न **12.** रज्जो कौन थी**?**
(क) लेखक के मामा की लड़की
(ख) लेखक के पड़ोसी की लड़की
(ग) लेखक की बहन
(घ) बदलू की बेटी

प्रश्न **13.** बदलू लेखक को क्या कहकर पुकारता था**?**
(क) लला
(ख) बेटा
(ग) बाबू
(घ) लल्लू

प्रश्न **14.** लेखक बदलू को क्या कहकर पुकारता था**?**
(क) काकू
(ख) चचा
(ग) मामा
(घ) काका

प्रश्न **15.** पाठ में सुहाग का जोड़ा किसे कहा गया है**?**
(क) स्त्री के सिंदूर को
(ख) दुल्हन के कपड़े को

(ग) लाख की चूड़ियाँ को
(घ) दूल्हे के कपड़े को

## <u>एक शब्द में उत्तर दीजिये</u>

प्रश्न **16.** बदलू ने किसके विवाह का आखिरी जोड़ा बनाया था**?**

प्रश्न **17.** बदलू ने कितने पैसे मिलने पर भी विवाह का जोड़ा नहीं बेचा**?**

प्रश्न **18.** चार से पांच आम अंजुलि में लेकर किसने लेखक की ओर बढ़ा दिया**?**

प्रश्न **19.** लेखक बदलू से अधिकतर किस समय मिलता था**?**

प्रश्न **20.** बदलू लेखक को क्या खिलाता था**?**